**निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये *500/– मात्र**

**कमांक IIITDMJ/ निविदा(टेंडर) /2015/11 /41 दिनांक 23/11/2015**

# जनरल स्टोर, किराना एवं लेखनसामग्री दुकान (General Stores, Grocery & Stationery Shop) हेतु निविदा दस्तावेज (Tender Document)

**पं. द्वारका प्रसाद मिश्र भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान**

**डुमना एयरपोर्ट रोड, पोस्ट खमरिया जिला जबलपुर-482005**

## तथ्य पत्र (Fact Sheet)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि | दिनांक 24.11.2015 .से दिनांक.16.12.2015 तक सभी कार्यदिवसों में कार्य अवधि के दौरान। |
| 2 | बोली पूर्व सम्मेलन की तिथि | 30/11/2015 को दोपहर 3.00 बजे। |
| 3 | निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16/12/2015 को दोपहर 3.00 बजे तक। |

इसमें कुल 21 पृष्ठ है। यह निविदा प्रपत्र हस्तांतरणीय नहीं है।

* निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 500 ‘‘पीडीपीएम,आईआईआईटीडीएम, जबलपुर’’ के पक्ष में आहरित जबलपुर में भुगतान योग्य बैंक ड्राफ्ट द्वारा भुगतान करना है।

# पं. द्वारका प्रसाद मिश्र भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान
# डुमना एयरपोर्ट रोड, पोस्ट खमरिया जिला जबलपुर-482005

**पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर के परिसर में जनरल स्टोर, किराना एवं लेखनसामग्री दुकान (General Stores, Grocery & Stationery Shop) चलाने हेतु निविदा प्रपत्र/दस्तावेज (Tender Document)**

## निविदा/बोली कार्यक्रम (Bidding Schedule)

विस्तृत कार्यक्रम निम्नानुसार होगा :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा/बोली दस्तावेज का मूल्य | :– | रु0 500/–"उपकुलसचिव, पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर" के पक्ष में आहरित जबलपुर में भुगतान योग्य बैंक ड्राफ्ट द्वारा देय। |
| 2. | कोरे निविदा प्रपत्र जारी करना | :– | निविदा प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है एवं आवश्यक डिमांड ड्राफ्ट के साथ भेजा जा सकता है। |
| 3. | निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु संस्थान की वेबसाइट का पता | :– | www.iiitdmj.ac.in |
| 4. | अमानत जमा राशि (EMD) | :– | रु0 10,000/–(रुपये दस हजार मात्र) |

तकनिकी-वाणिज्यिक बोली (Techno-Commercial Tender)एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जानी चाहिए, जिसपर "जनरल स्टोर, किराना एवं लेखनसामग्री दुकान चलाने हेतु निविदा" (Tender to run General Stores, Grocery & Stationery Shop) बड़े अक्षरों में लिखा जाना चाहिए। निविदाएं उपरोक्तानुसार निर्धारित कार्यक्रम (Bidding Schedule) के अनुसार संस्थान के सभाकक्ष(Conference Hall) में,उन निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी, जो वहां उपस्थित रहना चाहते हो। अपूर्ण निविदाएं (Incomplete Tenders) एवं उचित अमानत जमा राशि या/एवं निविदा शुल्क के बिना प्रस्तुत की गई निविदाओं को सरसरी तौर पर ही (Summarily) अस्वीकृत कर दिया जाएगा। निविदा बाबत विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट http://www.iiitdmj.ac.in/tenders.html. पर भी उपलब्ध है।

# भाग – 1 निविदाकारों/बोलीकर्ताओं हेतु निर्देश

## 1. कार्य की प्रकृति (Scope of Work) :–

**1.1** सफल निविदाकार को आपसी सहमति से साप्ताहिक अवकाश (Weekly off) के साथ सप्ताह के सभी दिनों में संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों की सुविधा एवं उपयोग हेतु, 11 माह की अवधि के लिए जनरल स्टोर, किराना एवं लेखन सामग्री की दुकान चलाने की अनुमति दी जाएगी। दुकान हेतु स्थान, निविदाकार द्वारा बोली गई दर (Quoted Rate) से, मासिक किराए पर संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

**1.2** सफल निविदाकार को जनरल स्टोर, किराना एवं लेखन सामग्री का पर्याप्त भंडार (Sufficient Stock) संधारित (Maintain) करना होगा।

**1.3** ठेकेदार को, अधिपत्य में लिए गए परिसर (Occupied premises) हेतु, निविदा बोली अनुलग्नक "बी" (Annexure "B") के अनुसार दी गई दर से अग्रिम किराया, विद्युत प्रभार एवं अन्य आनुषंगिक प्रभार (Allied Charges) जैसा कि दुकान चलाने के लिए संस्थान अथवा स्थानीय संस्थाओं द्वारा आकलित किया जाए, प्रतिमाह भुगतान करना होगा। वर्तमान में संस्थान सफल निविदाकार को दो कमरे (एक बाहरी स्थान हेतु एवं एक भंडार हेतु) आवंटित करेगा। इसके अलावा, संस्थान जल हेतु कोई प्रभार नहीं

लगाएगा परंतु विद्युत प्रभार रु0 8.40 प्रति यूनिट या संस्थान को लगाई गई विद्युत दर से प्रभारित होगा।

## 2. पात्रता (Eligibility) :–

1. निविदाकार, ने निविदा प्रस्तुत करने/बोली खुलने की तारीख को अमानत जमा राशि (EMD) आवश्यक रुप से जमा की हो।
2. निविदाकार को किसी न्यायालय द्वारा दंडित (Convict) न किया गया हो। (उसे इस बाबत हस्ताक्षरित एवं स्टेंप्ड अनुलग्नक "सी" (Annexure "C")संलग्न करना होगा)।
3. निविदाकार द्वारा हस्ताक्षरित निविदा प्रपत्र प्रस्तुत किया गया हो।

## 3. निविदा/बोली की लागत (Cost of Bidding) :–

निविदा तैयार करने एवं उसे प्रस्तुत करने में लगने वाली समस्त लागत को निविदाकार स्वयं ही वहन (Bear) करेगा। संस्थान इस लागत के लिए किसी भी रुप में भागी या उत्तरदायी (Liable or responsible) नहीं होगा, भले ही बोली प्रक्रिया या संचालन (Outcome or conduct) का परिणाम कुछ भी हो।

## 4. निविदा/बोली की प्रकिया, हस्ताक्षर एवं बंद करना (Bidding Procedure, Signing & Sealing of Bids) :–

निविदाकार अपनी निविदा/बोली केवल एक भाग में यथा– तकनिकी वाणिज्यिक (Techno-Commercial) निम्नानुसार प्रस्तुत करेगा।

### 4.1 अमानत जमा राशि (EMD)

निविदाकार को, अमानत जमा राशि रु0 10,000/–(रुपये दस हजार मात्र) जो कि "रजिस्ट्रार, पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर" के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक पर आहरित व जबलपुर में भुगतान योग्य डिमांड ड्राफ्ट के रुप में हो, प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। डिमांड ड्राफ्ट किसी

जारी अनुसूचित (Scheduled) बैंक द्वारा ही जारी किया गया हो व निविदा (Issue) होने की तारीख के बाद ही जारी किया गया हो। मूल (Original) अमानत जमा (EMD) तकनिकी निविदा/बोली के साथ संलग्न की जाए।

### 4.2 निविदाकार की पात्रता बाबत दस्तावेज (निविदा बोली) Documents establishing Bidders eligibility (Tender Bid)

निविदाएं प्रस्तुत करते समय निम्नांकित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न किए जाएं।

- ए) निविदा प्रपत्र के अनुलग्नक "सी" (Annexure "C")के अनुसार निविदाकार के घोषणापत्र की हस्ताक्षरित प्रति संलग्न होनी चाहिए।
- बी) किसी न्यायालय से दंडित न होने बाबत प्रमाणपत्र ( इस बाबत निविदा प्रपत्र का हस्ताक्षरित एवं स्टेंप्ड अनुलग्नक "सी" (Annexure "C")दिया जाए)।
- सी) निविदा प्रपत्र की हस्ताक्षरित प्रति।
- डी) निविदा प्रपत्र के अनुलग्नक "बी" (Annexure "B")फार्म में विधिवत रुप से भरी गई निविदा/बोली।

### 4.3 निविदा/बोली पर हस्ताक्षर (Signing the Tender Document)

- ए) आवश्यक जानकारी/दस्तावेज न दिए जाने पर निविदा/बोली अस्वीकृत किए जाने योग्य (Liable for rejection) होगी।
- बी) निविदा/बोली एवं अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति को स्पष्ट करना होगा कि वह –
  - i फर्म का एकमेव स्वामी (Sole proprietr) है या एकमेव स्वामी का कानूनी मुख्तार (Constituted Attorney) है **या**
  - ii साझेदारी फर्म (Partnership Firm) का साझेदार है। यदि ऐसा हो तो उसके पास हस्ताक्षर करने, उत्तर देने एवं विवाद मध्यस्थ को सौंपे जाने का विधिक प्राधिकार है **या**
  - iii कंपनी के प्रकरण में वह कंपनी का कानूनी मुख्तार है।

सी) उपरोक्तानुसार ii) के प्रकरण में साझेदारी विलेख (Partnership deed) एवं सामान्य मुख्तारनामा (Power of attorney) की नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित (Attested) प्रति एवं समस्त साझेदारों का साझेदारी एवं सामान्य मुख्तारनामा के निष्पादन (Execution) बाबत शपथपत्र (Affidavit) प्रस्तुत किया जाए।

डी) साझेदारी फर्म के प्रकरण में जहां व्यवसाय संबंधी विवाद मध्यस्थ को सौंपे जाने का विधिक प्राधिकार किसी भी साझेदार को न दिया गया हो तो निविदा/बोली एवं उससे संबंधी समस्त दस्तावेजों पर आवश्यक रुप से सभी साझेदारों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

निविदा प्रपत्र एवं ऐसे समस्त दस्तावेजों पर, जो निविदा का भाग हो, यदि कोई व्यक्ति किसी अन्य के लिए (On behalf of) हस्ताक्षर करता है, तो यह आश्वासन के तहत मान लिया जाएगा कि उसे, उस अन्य व्यक्ति को अपने कार्य से आबद्ध करने (To bind) का प्राधिकार (Authority) प्राप्त है। यदि जांच में यह पाया जाए कि हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति को ऐसा प्राधिकार प्राप्त नहीं था, तो दीवानी एवं दांडिक कार्यवाही करने के उपाय के अलावा, संस्थान ठेका अनुबंध को निरस्त कर सकता है एवं इससे उत्पन्न होने वाले सभी हर्जे खर्चे (Cost & Conveyances) के लिए हस्ताक्षरकर्ता को ही जवाबदेह (Responsible) ठहराया जाएगा।

## 5. निविदा/बोली की वैधता अवधि (Period of Validity of Bids) :–

निविदा/बोली की स्वीकृति हेतु वैधता अवधि, निविदा खुलने की तिथि से न्यूनतम 90 दिवस होगी।

## 6. अनुबंध की अवधि (Period of Contract) :–

प्रथमतः ठेका अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की तिथि से 24 माह की अवधि हेतु अनुबंध किया जाएगा। तथापि, केवल संतोषजनक कार्यप्रदर्शन (Performance) के आधार पर रजिस्ट्रार, पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर द्वारा उनके विवेक (Discretion) पर, संस्थान के निदेशक द्वारा निर्धारित की गई शर्तों एवं निबंधनों के तहत, आगे अधिकतम 24 माह हेतु बढ़ाया जा सकता है।

## 7. किसी भी निविदा/बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार (Right to Accept/Reject any Bid) :–

पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर प्रभावित निविदाकार/रों के प्रति कोई भी जिम्मेवारी लिए बगैर (Without incurring any liability) या प्रभावित निविदाकार/रों को विभागीय कार्यवाही के आधार बाबत सूचना दिए बगैर, किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने, संपूर्ण निविदा प्रक्रिया को समाप्त (Annul) करने या सभी निविदाओं को किसी भी समय अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## 8. कार्यप्रदर्शन बैंक गारंटी (Performance Bank Guarantee) :–

सफल निविदाकार को, रु0 20,000/–(रु0 बीस हजार मात्र) की प्रतिभूति जमा (Security Deposit) या तो अनुसूचित बैंक द्वारा अनुलग्नक "ए" फार्म (Annexure "A") के अनुसार 30 माह की वैधता अवधि हेतु जारी परफार्मेंस बैंक गारंटी के माध्यम से, या "पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर" के पक्ष में जबलपुर में भुगतान योग्य डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगी। पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर पर प्रतिभूति जमा के ब्याज का दावा, यदि कोई हो, नहीं किया जा सकेगा। परफार्मेंस बैंक गारंटी, अनुबंध की वैधता अवधि के आगे 6 माह अधिक अवधि तक वैध होना चाहिए।

## 9. भ्रष्ट आचरण एवं कपटपूर्ण प्रथाएं (Corrupt & Fraudulent Practices) :–

**9.1** पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर, इस निविदा के अंतर्गत सभी निविदाकारों से ठेका प्राप्त करने (Procurement) एवं ठेके के कार्यान्वयन (Execution) के दौरान, नैतिकता के उच्चतम मानदंडों (Highest standard of ethics) के अनुपालन की अपेक्षा करता है।

**9.2** भ्रष्ट आचरण का अर्थ है – ठेका अनुबंध की प्रक्रिया या उसके क्रियान्वयन के दौरान ऐसी किसी भी वस्तु जिसका कोई मूल्य हो, का किसी लोकसेवक (Public Official) को प्रस्ताव करना, देना, लेना या अपेक्षा कर लोकसेवक की कार्यवाही को प्रभावित करना।

**9.3** कपटपूर्ण आचरण का अर्थ है – ठेका अनुबंध की प्रक्रिया या उसके कियान्वयन को तथ्यों का मिथ्या निरुपण (Mis-representation) कर प्रभावित (Influence) करना, जो संस्थान के हितों के लिए हानिप्रद हो। इसमें निविदाकारों के बीच (निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व या उसके बाद) बोली की रकम (Bid Price) को कृ त्रिम रुप से (Artificial) अप्रतियोगी (Non-competitive )स्तर पर लाने हेतु कपटसंधि (Collusive Practice) करना जो संस्थान को मुक्त एवं खुली प्रतियोगिता के लाभ से वंचित (Deprive) कर दे, भी शामिल है।

**9.4** पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर ऐसे किसी भी निविदा प्रस्ताव को ठेका अनुबंध देना अस्वीकृत (Reject) कर देगा, यदि यह पाया जाए कि प्रस्तावित कार्य का ठेका अनुबंध (Contract in question) प्राप्त करने के लिए, ठेके हेतु अनुशंसित निविदाकार द्वारा भ्रष्ट एवं कपटपूर्ण आचरण का अवलंब किया गया है।

**9.5** पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर निविदाकार/फर्म को ठेका अनुबंध देने हेतु अनिश्चितकाल (Indefinitely) के लिए या एक निश्चित अवधि के लिए अपात्र (Ineligible) घोषित कर देगा यदि किसी भी समय यह पाया जाए कि निविदाकार/फर्म द्वारा ठेका प्रतियोगिता के दौरान या ठेके के कार्यान्वयन के दौरान भ्रष्ट एवं कपटपूर्ण आचरण का अवलंब (Engaged) किया गया है।

## 10 शास्ति (Penalty)

यदि निविदाकार ठेके के कार्य को कार्यान्वित (Execute) करने में असफल रहता है तो, निदेशक, पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर द्वारा शिकायत के तथ्यों के आधार पर किए गए निर्णयानुसार उस पर शास्ति (Penalty) अधिरोपित (Impose) की जाएगी।

## 11 अमानत जमा राशि/परफार्मेंस बैंक गारंटी की जब्ति (Forfeiture of EMD/ Performance Bank Guarantee)

अमानत जमा राशि/परफार्मेंस बैंक गारंटी को जब्त किया जा सकता है यदि – निविदा की वैधता अवधि के दौरान, निविदाकार अपनी निविदा/बोली को वापस लेता है या सफल निविदाकार निम्न कार्य में असफल रहता है :–

ए) यदि शर्तों एवं निबंधनों के अनुसार ठेका अनुबंध पर हस्ताक्षर करना।

बी) यदि निर्धारित अवधि में शर्तों एवं निबंधनों के अनुसार परफार्मेंस बैंक गारंटी प्रस्तुत करना।

सी) लगाई गई शास्ति (Penalty) का भुगतान करना।

## 12 निविदा/बोली की प्रस्तुति (Submission of Bids)

पूर्ण निविदा प्रपत्र कार्यालय में दस्ती (By hand) दिया जा सकता है या डाक से भेजा जा सकता है जो निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि से पूर्व प्राप्त होना चाहिए। डाक में हुए विलंब के लिए संस्थान की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

## 13 विविध (Miscellaneous)

सफल निविदाकार की अमानत जमा राशि (EMD), ठेके के कार्यान्वयन के बाद एवं कार्यप्रदर्शन प्रतिभूति (Performance Security) जमा करने पर लौटा दी जाएगी (Will be discharged)। असफल निविदाकार (Unsuccessful Bidder) की अमानत जमा राशि, संस्थान द्वारा निविदा प्रस्ताव हेतु निर्धारित वैधता अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिनों के भीतर लौटा दी जाएगी।

## 14 निविदा की शर्तें (Conditions of Tender)

**14.1** पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर के परिसर में जनरल स्टोर, किराना एवं लेखनसामग्री दुकान चलाने हेतु ठेके की अवधि 24 माह होगी जिसमें से प्रथम 3 माह परीविक्षा अवधि (Probation Period) के होंगे। इस अवधि में संतोषजनक कार्यप्रदर्शन पर ठेका अनुबंध स्वतः ही शेष अवधि हेतु बढ़ जाएगा। किसी भी पक्ष द्वारा ठेका अनुबंध 30 दिन के स्पष्ट नोटिस पर समाप्त (Terminate) किया जा सकेगा। परीविक्षा अवधि के दौरान किसी भी पक्ष द्वारा ठेका अनुबंध समाप्त करने हेतु नोटिस की अवधि 15 दिन होगी।

**14.2** परीविक्षा अवधि के भीतर दुकान एवं स्थापना नियम के तहत पंजीयन की प्रति प्रस्तुत करने हेतु ठेकेदार उत्तरदायी होगा।

**14.3** निविदा प्रपत्र में उसका संपूर्ण स्थायी एवं अस्थायी पता निविदाकार को देना होगा।

**14.4** प्रत्येक निविदाकार के लिए, निविदा प्रस्तुत करते समय अमानत जमा राशि के रुप में रु0 10,000/–(रुपये दस हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट जो कि "रजिस्ट्रार,

पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर" के पक्ष में हो व किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किया गया हो, निविदा केसाथ संलग्न करना आवश्यक होगा। कोई भी

निविदा/बोली, को जिसके साथ अमानत जमा राशि संलग्न न हो, सरसरी तौर पर ही अस्वीकृत कर दिया जाएगा। कोई भी निविदा/बोली, जिसके साथ अमानत जमा राशि के बदले चेक संलग्न हो, को भी सरसरी तौर पर ही अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

**14.5** असफल निविदाकार (Unsuccessful Bidder) की अमानत जमा राशि निविदा खुलने की तारीख से 30 दिन के बाद लौटा दी जाएगी।

**14.6** सफल निविदाकार की अमानत जमा राशि (EMD) को रु0 20,000/– की प्रतिभूति जमा/परफार्मेंस बैंक गारंटी के पेटे समायोजित कर लिया जाएगा। प्रतिभूति जमा/परफार्मेंस बैंक गारंटी की राशि को संस्थान द्वारा ठेका अनुबंध की संपूर्ण अवधि हेतु रखा जाएगा एवं ठेका अनुबंध पूर्ण होने के बाद उक्त राशि बिना किसी ब्याज के, लौटा दी जाएगी।

**14.7** सफल निविदाकार की अमानत जमा राशि (EMD)/परफार्मेंस बैंक गारंटी परिसमापन हर्जाना (Liquidated damages) के तौर पर जब्ति (forfeit) योग्य होगी, यदि उसकी ओर से ठेका अनुबंध हस्ताक्षर करने में कोई देरी, टालमटोल या मना किया गया। अमानत जमा राशि तब भी जब्ति योग्य होगी यदि निविदाकार, ठेका अनुबंध की शर्तों एवं निबंधनों को तोड़ते हुए निविदा वापस लेने की सूचना देता है या जो निविदाकार निविदा स्वीकृत किए जाने के बाद वैधता अवधि में ठेका अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में टालमटोल या मना (Evade or refuse) करता है।

**14.8** निविदा, खुलने की तिथि से 90 दिन तक वैध रहेगी।

**14.9** सामग्री एवं श्रमिक (Material & Labour) की बाजार दर में उतार चढ़ाव (Fluctuation) आने पर कोई मुआवजा (Compansation) अनुमत (Allow) नहीं होगा।

**14.10** जिस निविदाकार की निविदा स्वीकृत होती है, उसे इसकी सूचना दिए जाने से 10 दिन की अवधि में ठेका अनुबंध पर हस्ताक्षर करने होंगे, अन्यथा उसकी अमानत जमा राशि जब्ति योग्य होगी एवं निविदा पर दी गई स्वीकृति वापस ली जा सकेगी।

**14.11** निविदाकार द्वारा निविदा के साथ संलग्न सभी शर्तों एवं निबंधनों (Terms & Conditions) का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर ही निविदा में अपने दर प्रस्ताव दिए जाएं। बाद में किसी भी दावे पर विचार (Entertain) नहीं किया जाएगा।

**14.12** सफल निविदाकार को संस्थान के साथ विधिवत अनुबंध (Agreement) करना होगा। अनुबंध की शर्तें, निविदा की शर्तें एवं निविदा की स्वीकृति सूचना, ठेका अनुबंध के ही भाग होंगे जिनपर हस्ताक्षर किए जाने है। अनुबंध हेतु लगने वाले स्टॉम्प पेपर की लागत (Cost) ठेकेदार द्वारा ही वहन (Borne) की जाएगी।

**14.13** निविदाएं, उसी दिन दोपहर 4.00 बजे, उन निविदाकारों के समक्ष खोली जाएंगी, जो स्वयं या अपने अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से वहां उपस्थित रहना चाहते हो।

**14.14** संस्थान, किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए, स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**14.15** ऐसी निविदाएं जो उपरोक्त में से कोई भी या सभी शर्तों को पूरा न करती हो या किसी भी दृष्टि से अपूर्ण हो, अस्वीकृत किए जाने योग्य होंगी।

**14.16** निविदाकार को संलग्न घोषणापत्र (परिशिष्ट "ए" ) पर हस्ताक्षर करने होंगे। हस्ताक्षरित न होने पर निविदा निरस्त (Cancell) किए जाने योग्य होगी एवं निविदाकार की अमानत जमा राशि जब्त कर ली जाएगी व निविदाकार का कोई दावा संस्थान पर नहीं होगा।

**14.17** निविदा प्रपत्र में कुछ भी जोडने (Addition) या उसमें किसी प्रकार की कांटछांट (Alterations) करने की निविदाकार को अनुमति नहीं होगी। निविदाकार स्वयं की जोखिम (Own risk) पर ऐसी कोई भी जोड या कांटछांट करेगा व निविदा अस्वीकृत (Reject) किए जाने योग्य होगी। सशर्त (Conditional) निविदाएं स्वीकृत नहीं की जाएंगी।

**14.18** दुकान को चलाने का व खोलने/बंद करने का समय संस्थान द्वारा तय किया जाएगा।

**14.19** दुकान को उपकिराए पर देने (Sublet) की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**14.20** यह ठेका अनुबंध जबलपुर न्याय क्षेत्र (Jurisdiction) के अधीन होगा।

**14.21** ठेकेदार को अपने कर्मचारियों का स्थानीय पुलिस से सत्यापन कराना होगा। ऐसे किसी भी कर्मचारी/आगंतुक (Visitor) को संस्थान के परिसर में आने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जिसके पास संस्थान द्वारा जारी सुरक्षा पास (Security Pass) न हो।

**14.22** किसी विवाद की स्थिति में संस्थान का निर्णय अंतिम व दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी (Binding) होगा।

**14.23** दुकान के कर्मचारियों का वेतन/मजदूरी, दुकान ठेकेदार द्वारा दोनों की आपसी सहमति/अनुबंध से तय की जाएगी। तथापि, वह सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित किए गए न्यूनतम वेतन का भुगतान करेगा एवं दुकानदार न्यूनतम वेतन अधिनियम/श्रम अधिनियम(Minimum wages act/Labour act) के उल्लंघन(Violation) हेतु जवाबदार (Liable) होगा।

**14.24** संस्थान के रजिस्ट्रार द्वारा अधिसूचित अवसरों (Notified occasions) पर दुकान बंद रहेगी। तथापि, दुकान ठेकेदार एवं उसके कर्मचारियों की आपसी सहमति से दुकान खोली जा सकती है। यह सुनिश्चित किया जाए कि दुकानदार एवं उसके कर्मचारियों की आपसी सहमति से, छुट्टी के दिन (Holiday) किए गए काम के बदले उन्हें एक दिन का अवकाश दिया जाए या छुट्टी के दिन के काम का समयोपरी वेतन (Overtime) साप्ताहिक अवकाश (Weekly off) के साथ दिया जाए।

**14.25** दुकान ठेकेदार अपने कर्मचारियों को वेतन, परिलाभ (Incentives), बोनस एवं अन्य वित्तीय लाभों का भुगतान करेगा। वह उन्हें किए गए लागू भुगतान वितरण (Disbursement) का रिकार्ड रखेगा, जिससे न्यूनतम मजदूरी दिए जाने बाबत एवं उनका शोषण (Exploitation) न होने बाबत सुनिश्चित किया जा सके।

**14.26** संस्थान, ठेकेदार को दुकान हेतु स्थान मय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध (Provide) कराएगा परंतु फर्नीचर, फिक्स्चर या ऐसी कोई अन्य ढांचागत सुविधा (Infrastructure) उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। ठेकेदार अपनी आवश्यकतानुसार स्वयं के व्यय पर आवश्यक फर्नीचर, फिक्स्चर की स्थापना एवं व्यवस्था (Install & arrange) करेगा। निविदाकार अपनी दुकान दिए गए स्थान में संचालित करेगा।

**14.27** दुकान ठेकेदार को, भारत सरकार के श्रम कानूनों (Labour laws) एवं इस विलेख/अनुबंध (Deed/Agreement) का पूर्णतः पालन करना होगा।

**14.28** ठेकेदार/बोलीकर्ता (Bidder) का किसी भी रुप में, संस्थान के परिसर के किसी भी भाग, जिसमें उसे दुकान संचालन हेतु उपलब्ध कराया गया स्थान

भी शामिल है, में कोई अधिकार, स्वत्व, अथवा हित (Right, Title or Interest) नहीं होगा।

**14.29** ठेकेदार/बोलीकर्ता (Bidder) दुकान को उपकिराए (Sublet) पर नहीं देगा एवं परिसर में किसी भी प्रकार का बदलाव या परिवर्तन (Modify or Alter) नहीं करेगा।

**14.30** संस्थान को अपने विवेकानुसार (Discretion) निर्दिष्ट स्थान (Designated place) में परिवर्तन का संपूर्ण अधिकार होगा।

**14.31** दुकान में प्रस्तावित विक्रय हेतु रखी जाने वाली वस्तुओं की सूची निम्नानुसार वर्णित (Detailed below) है। किसी अतिरिक्त वस्तु के प्रस्तावित विक्रय हेतु संस्थान के रजिस्ट्रार की पूर्वानुमति (Prior approval) प्राप्त करना आवश्यक होगा।

**14.32** निविदाकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि केवल प्रतिष्ठित मार्का (Renowend Brands)की वस्तुओं का ही विक्रय हमेशा किया जाए। सेवाओं के मामले में साफसुथरा व्यवहार रखा जाए एवं दुकान के आसपास का क्षेत्र (Surrounding Area) हमेशा स्वच्छ एवं टीपटाप (Clean & Tidy)रखी जाए।

**14.33** निविदाकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि निकलने वाले कूड़ा कचरा (Garbage) का निपटान, कठोरतापूर्वक प्रबंधन के निर्देशानुसार एवं वायु व जल (प्रदूषण) अधिनियम के अनुसार ही किया जाए।

**14.34** दुकान संचालन की अवधि : प्रतिदिन न्यूनतम 8 घंटे (सही समय आपसी सहमति से संस्थान की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तय किया जाएगा।)

**14.35** वर्तमान में छात्र संख्या 1300 के लगभग है जो आने वाले वर्षों में 2000 तक पहुंचना संभावित है। संस्थान के अपने 110 आवासीय क्वार्टर्स है जिनका शीघ्र ही आवंटन (Allotment) किया जाएगा।

**14.36** ठेकेदार को पर्याप्त संख्या में कर्मचारी तैनात (Deploy) करने होंगे।

**14.37** ठेकेदार संस्थान की पूर्वानुमति के बगैर आंतरिक साजसज्जा (Interiors) में किसी भी प्रकार का नवीकरण, बदलाव (Renovation,Alteration) नहीं करेगा एवं यदि इसकी अनुमति प्राप्त की जाती है तो उसमे लगने वाला समस्त व्यय ठेकेदार स्वयं ही वहन करेगा।

**14.38** दुकान में किसी भी वस्तु का विक्रय मूल्य अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) से अधिक नहीं होगा।

**जनरल स्टोर, किराना एवं लेखनसामग्री दुकान में विक्रय की जा सकने वाली वस्तुओं की सूची**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | टूथब्रश, पेस्ट, पाउडर | 20 | मच्छर अगरबत्ती / मेट्स |
| 2 | फेस पाउडर, प्रसाधन सामग्री | 21 | प्लास्टिक बर्तन |
| 3 | नहाने के साबुन | 22 | चप्पलें |
| 4 | कपडे धोने का साबुन, डिटर्जेंट | 23 | डिस्पोजेबल कप / प्लेटस |
| 5 | कंघे | 24 | ग्रिटिंग कार्ड्ज |
| 6 | केश तेल, शैंपू | 25 | शक्कर / ग्लुकोज |
| 7 | सोप नट पाउडर | 26 | मख्खन / जैम / मसाला पाउडर |
| 8 | अचार, सांबार वस्तुएं | 27 | गिफ्ट आयटम्स / खिलौने इत्यादि |
| 9 | शेविंग क्रीम, साबुन | 28 | चॉकलेट (कंपनी पेक्ड) |
| 10 | शेविंग ब्लेड्स | 29 | चिकी / वेफर्स / चिप्स इत्यादि (कंपनी पेक्ड) |
| 11 | मोबाइल रिचार्ज कूपन | | |
| 12 | एनर्जीड्रिंक्स / प्रोटिन पाउडर | 30 | ड्राय फ्रुट्स (कंपनी पेक्ड) |
| 13 | नूडल्स | 31 | बिस्किट्स (कंपनी पेक्ड) |
| 14 | तौलिए / बिस्तर की चादरें | 32 | छाता |
| 15 | दूध पाउडर, बादाम पाउडर | 33 | मोबाइल फोन सेट्स |
| 16 | कॉफी, चाय पाउडर | 34 | पर्स / बेल्ट्स / बैग्ज, इत्यादि |
| 17 | मोमबत्तियां | 35 | टॉर्चेज |
| 18 | माचिस | 36 | घड़िया / रिमोट बैटरीज |
| 19 | सेफ्टी पिन्स | 37 | अन्य किराना वस्तुएं |
| | | 38 | लेखन सामग्री वस्तुएं |

(कोई भी अन्य वस्तु, केवल संस्थान के रजिस्ट्रार की पूर्वानुमति से ही बेची जाएगी।)
उपरोक्त वस्तुओं के विक्रय में मानक ब्रांडस् का उपयोग किया जा सकता है।

## भाग – 2 अनुबंध की शर्ते ( Conditions of Contract )

**1. परफार्मेंस बैंक गारंटी ( Performance Bank Guarantee)**

कार्यप्रदर्शन असंतोषजनक (Unsatisfactory Performance) पाए जाने की स्थिति में परफार्मेंस बैंक गारंटी की राशि जब्ति योग्य होगी। परफार्मेंस बैंक गारंटी की राशि तब भी जब्ति योग्य होगी यदि ठेकेदार –

i अनुबंध की शर्तों का पालन करने में( Adhere to) असफल रहता है।

ii ठेके के कार्यान्वयन (Execution) में देरी करता है।

iii अधिक राशि लगाता (Over charges) है।

iv साफ़सफ़ाई ( Cleanliness) रखने में असफल रहता है एवं दुकान में अनुबंध के तहत अनुमोदित वस्तुओं से अलग वस्तुओं का विक्रय करता है।

## 2. चूक के कारण समाप्ति ( Termination on default)

संस्थान, चूक के संबंध में लिखित नोटिस बोलीकर्ता को देकर अनुबंध तोड़ने के लिए अन्य उपाय करने के अधिकार को सुरक्षित रखते हुए, ठेका अनुबंध समाप्त कर सकता है यदि –

ए) यदि बोलीकर्ता (Bidder) अनुबंध में निर्धारित की गई अवधि/यों में किसी या सभी सेवाओं को देने में असफल रहता है।

बी) यदि बोलीकर्ता, अनुबंध के अधीन कोई अन्य दायित्व (Obligation) पूरा करने में असफल रहता है।

सी) यदि बोलीकर्ता द्वारा, संस्थान के मत में, ठेका प्रतियोगिता के दौरान या ठेके के कार्यान्वयन के दौरान भ्रष्ट एवं कपटपूर्ण आचरण (Corrupt & fraudulent practice) का अवलंब (Engaged) किया गया है।

डी) यदि ठेकेदार द्वारा मादक पदार्थों (Intoxicating Items) या प्रतिबंधित वस्तुओं जैसे तंबाकू उत्पाद, मदिरा, गुटखा इत्यादि का विक्रय करना पाया जाए।

## 3. मध्यस्थता ( Arbitration)

अनुबंध आपसी एवं परस्पर विश्वास एवं आश्वासन (Mutual trust & confidence) पर आधारित होता है। दोनों पक्ष पूर्ण सदिच्छा (Good faith) से निश्चित कार्य (Assignment) करने हेतु सहमत होते हैं। यदि संस्थान एवं बोलीकर्ता (Bidder) के बीच अनुबंध बाबत, किसी भी प्रकार का विवाद या दृष्टिकोण में अंतर (Dispute or difference) उत्पन्न होता है, (जिसके बारे में यहां स्पष्ट रुप से तय न किया गया हो), चाहे वह अनुबंध की समाप्ति (Termination) या त्यागे जाने (Abandonment) या तोड़े जाने (Breach)के पूर्व या पश्चात् हो, तो उसे निदेशक, पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर को एकमेव मध्यस्थ (Sole arbitrator) के तौर पर, मध्यस्थता एवं उनके निर्णय हेतु संदर्भित (Refer) किया जाएगा जो अपने निर्णय की लिखित सूचना (Written award) बोलीकर्ता को देंगे। निदेशक, पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

<u>अनुलग्नक "ए"</u>

## <u>परफार्मेंस (कार्यप्रदर्शन) बैंक गारंटी (Performance Bank uarantee)(PBG) रु0 20,000/–हेतु</u>

सेवा में,
निदेशक, पीडीपीएम,
आईआईआईटीडीएम
जबलपुर

**क्योंकि** (सफल निविदाकार का नाम).............................................................जिसे आगे इसके बाद "सफल निविदाकार" कहा जाएगा, द्वारा खरीदी अनुबंध क्रमांक.......................... ................................दिनांक.......................कार्य/सेवा का नाम........................................................ ..............................................के लिए करना स्वीकार किया है, जिसे निविदा प्रपत्र दिनांक...... .................के पालन में जो ...............................................................द्वारा जारी किया गया, आगे इसके बाद "अनुबंध" कहा जाएगा।

**एवं क्योंकि** निविदा प्रपत्र की शर्तों (terms) में से एक शर्त के अनुसार सफल निविदाकार को, अनुबंध करने हेतु अनुसूचित बैंक व्दारा जारी परफार्मेंस (कार्यप्रदर्शन) बैंक गारंटी प्रस्तुत करनी है।

**एवं क्योंकि** उक्त अनुबंध में आपने यह विनिर्दिष्ट (stipulate) किया है कि सफल निविदाकार आपको, उसमें बताई गई राशि की अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी प्रस्तुत करेगा, जो सफल निविदाकार द्वारा, अनुबंध के अनुसार कार्यप्रदर्शन (performance) दायित्व (obligation) के अनुपालन हेतु प्रतिभूति (security) होगी।

**एवं क्योंकि** हम सफल निविदाकार हेतु गारंटी देने के लिए सहमत हुए हैः–

**1** अतः एतद् द्वारा हम यह पुष्टि (affirm) करते हैं कि हम आपके गारंटर है एवं कुल रु0 20,000/–(रुपये बीस हजार मात्र ) तक के लिए आपके प्रति उत्तरदायी

(responsible) है एवं वचनबद्ध है कि आपके द्वारा की गई पहली मांग पर, जिसमें आपने घोषित किया हो कि सफल निविदाकार  ने अनुबंध के अधीन चूक (default) की है, उक्त
राशि का भुगतान किया जाएगा। यह बिना किसी बहस, आपत्ति या हुज्जत (argument, demur cavil) के, उक्त अधिकतम राशि के अंतर्गत (within) किसी भी राशि का, एवं आपके द्वारा सिद्ध किए जाने या मांग/राशि के कारण बताए जाने या आधार बताए जाने की आवश्यकता के बिना ही भुगतान किया जाएगा।

**2** आपके कार्यालय व्दारा जारी पत्र, जिसमें विनिर्दिष्ट हो कि सफल निविदाकार ने अनुबंध के अधीन व अनुबंध के अनुसार उसके एक या सभी दायित्व निभाने या उसके लिए आवश्यक व विश्वस्त कार्यप्रदर्शन (faithful performance) में चूक की है, हमारे लिए निर्णायक, अंतिम व बाध्यकारी होगा। हम आगे भी सहमत है कि सफल निविदाकार के अनुबंध के तहत् अपने दायित्व के अधीन कार्यप्रदर्शन में असफल रहने बाबत आप एकमात्र निर्णायक होंगे व आपका निर्णय, कि सफल निविदाकार ने चूक की है, हमारे लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। भले ही आपके व सफल निविदाकार के बीच कोई असहमति हो या आप दोनों के बीच का विवाद किसी मध्यस्थ, या न्यायालय या न्यायाधिकरण या प्राधिकारी के पास लंबित हो।

**3** इस गारंटी को प्रभावी (effective) करने के लिए, आप गारंटी के तहत इस तरह कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होंगे, जैसे हम ही प्रथम ऋणी (principal debtor) हो एवं हमारे या सफल निविदाकार के स्वरुप/गठन में कोई भी बदलाव, इस गारंटी के तहत, हमारे दायित्व या देयता को किसी भी प्रकार या तरीके से प्रभावित नहीं करेगा।

**4** इस गारंटी के तहत् हमारे दायित्व या देयता को प्रभावित किये बिना ही आप अनुबंध की शर्तों/निबंधनों (terms & conditions) को किसी भी समय परिवर्तित करने या अनुबंध के अनुपालन की अवधि या समय बढाने के लिए स्वतंत्र होंगे व आपके किसी भी अधिकार का उपयोग करने अथवा स्थगित रखने या अनुबंध की शर्तों/निबंधनों में से किसी भी शर्त/निबंधन के अनुसार कार्य करने पर बल (enforce) देने अथवा बल देने से विरत रहने (forebear from enforcing) के लिए भी आप स्वतंत्र होंगे एवं आपकी इस स्वतंत्रता के तहत आपके व्दारा किये गए किसी भी संयम, उदारता, कार्य, या भूलचूक (forebearance, indulgence or omission) के बावजूद, हम इस गारंटी के तहत् हमारी देयता/दायित्व से मुक्त नहीं होंगे।

**5** हम वचनबद्ध है कि इस गारंटी के प्रचलन (during currency) तक, गारंटी वापस (revoke) नहीं ली जाएगी।

**6** यह गारंटी तत्काल प्रभाव (with immediate effect) से लागू एवं प्रभावी होगी व अगले 30 माह तक या अनुबंध की शर्तों (provisions) के अनुरुप आपके द्वारा विमुक्त (release) कर दिये जाने तक लागू एवं प्रभावी रहेगी।

दिनांक......................... को स्थान...........................में सील्ड व हस्ताक्षरित।

हस्ताक्षरित, सील्ड व डिलीवर्ड
बैंक का नाम...................................................................के लिए व की ओर से
द्वारा पद.......................................

हस्ताक्षर
नाम ............................................................

पद..................................................................

पता...............................................................

**अनुलग्नक "बी"**

**पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम जबलपुर के परिसर में जनरल स्टोर, किराना एवं लेखन सामग्री दुकान चलाने हेतु निविदा दस्तावेज**

**1.** निविदाकार, दुकान हेतु आवंटित (Allot) किए जाने वाले स्थान हेतु किराया बोली (Quoted Rent) प्रस्तावित करेगा। ( दुकान किराया रु0 2,000/– प्रतिमाह से कम नहीं होना चाहिए।)

**2**. यदि बोली गई दरों के अंकों एवं अक्षरों में कोई अंतर होता है, तो अक्षरों में प्रस्तावित बोली गई दरें (Quoted Price) ही मान्य होगी।

**3**. यदि एक से अधिक निविदाकारों द्वारा समान उच्चतम दर (Highest Rates) की बोली लगाई जाती है तो ऐसे सभी निविदाकारों को अन्य उच्चतम दर की बोली लगाने हेतु बुलाया जाएगा एवं ऐसे बोले गए दरों (Quoted Rates) के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

**4**. जांच सूची – 1. अनुलग्नक "सी" 2. विधिवत हस्ताक्षरित निविदा प्रपत्र दस्तावेज

**दर बोली (Price Bid)**

रुपयों में (INR)

| | |
|---|---|
| किराया प्रतिमाह (अंकों में) | |
| किराया प्रतिमाह (अक्षरों में) | |

..........................................

निविदाकार के हस्ताक्षर
एजेंसी की सील सहित

**<u>अनुलग्नक "सो"</u>**

**पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम जबलपुर के परिसर में जनरल स्टोर, किराना एवं लेखन सामग्री दुकान चलाने हेतु निविदा दस्तावेज**

**<u>निविदाकार/बोलीकर्ता का घोषणापत्र</u>**

द्वारा :–

.................................................................

.................................................................

.................................................................

.................................................................

(निविदाकार का पूर्ण पता मय फोन फैक्स एवं मोबाइल नंबर)

प्रति

रजिस्ट्रार,

पीडीपीएम, आईआईआईटीडीएम,

जबलपुर

महोदय,

1. मैने/हमने निविदाकारों के लिए, सभी निर्देशों एवं अनुबंध की शर्तों को समझ लिया है एवं उनको पूर्ण रुप से स्वीकार करता हूं/करते हैं।

2. मै/हम अनुबंध में दी गई सभी शर्तों एवं निबंधनों का पालन करने हेतु सहमत हूं/ है।

3. मेरी/हमारी फर्म को किसी भी न्यायालय द्वारा दंडित नहीं किया गया है।

4. मेरी/हमारी फर्म को किसी भी सरकारी संस्थान/स्वशासी निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा काली सूची (Black list) में नहीं डाला गया है/प्रतिबंधित(Barred) नहीं किया गया है।

| | |
|---|---|
| ............................................... | ........................................................ |
| गवाह के हस्ताक्षर | निविदाकार के हस्ताक्षर |
| नामः................................................ | नामः.............................................. |
| पताः................................................ | पताः.............................................. |
| ........................................................... | ........................................................ |
| दिनांक............................................ | दिनांक.......................................... |